पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने डिजिटल नृत्य चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

लखनऊः 6 नवम्बर, 2015

कला में एक ताकत होती है। चित्र देखने के बाद मन में आता है काश हम भी चित्र बना पाते। चित्र की विशेषता है कि देखने वाले को समाधान मिले। उक्त विचार प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज ललित कला अकादमी अलीगंज में डाॅ0 कीर्ति वर्मा की डिजिटल नृत्य चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री योगेन्द्र नाथ योगी, प्रो0 कमला श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल ने राजभवन पर भी चित्र प्रदर्शनी बने ऐसी इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि राजभवन की अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। 200 वर्ष पूर्व बनी इमारत अपनी विशेषता के साथ आज भी खड़ी है। जबकि 40-50 साल पहले बनी इमारतें धराशायी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से राजभवन के भी चित्र का प्रदर्शन होना चाहिए।

श्री नाईक ने कहा कि सेन्ट्रल कमाण्ड स्थित स्मृतिका में उत्तर प्रदेश की तीन परमवीर चक्र से सम्मानित वीरों के भित्ति चित्र लगने के बाद वह भी पर्यटन स्थल बन गया है। देश के 21 परमवीर चक्र से सम्मानितों में से नायक जदुनाथ सिंह, हवलदार अब्दुल हमीद तथा कैप्टन मनोज पाण्डेय उत्तर प्रदेश के हैं।
राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए उसका अवलोकन भी किया।